दिनांक 17.01.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सफाई कार्य का प्रतिदिन देवे रिपोर्ट- आयुक्त

भिलाईनगर। निगम भिलाई की सफाई व्यवस्था को बीट आधारित रूट चार्ट बना के किये जाने के निर्देश आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने दिए है। जोन आयुक्त सप्ताह में तीन दिन सफाई कार्य का स्थल अवलोकन निरीक्षण कर प्रतिवेदन सौपेंगे।

आयुक्त श्री ध्रुव ने निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाने सभी जोन आयुक्तो को सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को अपने प्रभार क्षेत्र के बाजार , व्यवसायिक, एवं आवासीय क्षेत्रो मे होने वाले नियमित नाली, सडक सफाई कार्य का फिल्ड विजिट करने को कहा है। जोन आयुक्त सफाई व्यवस्था का रूट चार्ट बना कर प्रतिदिन सफाई करवाएंगे और उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य को जनजागृति के माध्यम से और सहज और सरल बनाने के लिए प्रचार अभियान चलाया जाएगा ताकि लोग घर से निकलने वाले कचरे मे से सुखा और गीला कचरा को अलग अलग दे। जोन आयुक जोन क्षेत्र मे संचालित मणिकंचन केन्द्र (एस.एल.आर.एम) में एकत्र कचरे के निपटान, पृथ्थकीकरण के साथ सेंटर मे आने वाले कचरे की मात्रा एवं वजन का रिकार्ड संधारित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। यहा भी सुनिश्चित किया जाना होगा कि दुकानदार अपने दुकान मे डस्टबीन रखे तथा कोई कचरा नाली मे न डाले।